वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे : योगी

- आईएफसी नमामि गंगे की तर्ज पर चलाएगा जल शोधन परियोजना
- मुख्यमंत्री ने आईएफसी को हर संभव मदद का दिया आश्वासन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास दर्ज कर रहा है। विकास एवं समृद्धि के नए मानक स्थापित करते ये विकास कार्य, 'नए उत्तर प्रदेश' को नई पहचान दिला रहे हैं। यूपी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के अधिकारियों व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ बैठक में कहीं। बैठक में आईएफसी के ग्लोबल एमडी मख्तार डियोप ने यूपी सरकार को प्रदेश में नमामि गंगे की तर्ज पर एक राज्यव्यापी जल कार्यक्रम विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। यह वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट पर केंद्रित होगा। यूपी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने में सहयोग करने की बात कही। इसके अलावा एक्सप्रेसवे समेत कई परियोजनाओं की निगरानी व प्रगति के लिए आईएफसी एक प्रोजेक्ट मानटिरिंग ग्रुप बनाएगा। मुख्यमंत्री ने इन सभी योजनाओं को पूरा कराने में सहयोग का भरोसा दिया।

आईएफसी प्रतिनिधिमंडल में कंट्री मैनेजर इंडिया और मालदीव वेंडी वर्नर, रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया इमाद फसूरी, ग्लोबल डायरेक्टर डिसरप्टिव टेक्नोलॉजीज फरीद फेज़ोआ, रीजनल इंडस्ट्री डायरेक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर एशिया और पैसिफिक विक्रम कुमार, रीजनल इंडस्ट्री डायरेक्टर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स एलेन फॉरलेमू, एडवाइजर मैन्युफैक्चरिंग, एग्रीबिजनेस और सर्विसेज साउथ एशिया रमेश रमनाथन, और एडवाइजर टू द मैनेजिंग डायरेक्टर ताएहो कांग भी उपस्थित रहे।